# समाचार

## वर्षा पूर्व सभी नालों का सफाई कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें–आयुक्त

## (आयुक्त ने ली स्वच्छता अधिकारियों व सफाई कार्य एजेंसियों की बैठक, की बड़े नालों की सफाई कार्य की विस्तृत समीक्षा, कार्यो में विशेष गति लाने के दिये निर्देश)

कोरबा 08 जून 2016 –आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम के स्वच्छता अधिकारियों व सफाई कार्य एजेसियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व निगम क्षेत्र में स्थित समस्त बड़े नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें, बंद पड़ी हुई नालियों को खोलने व उन्हें पानी निकासी हेतु सुगम बनाने की दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें, साथ ही सफाई कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंवे।

उक्ताशय के निर्देश निगम आयुक्त ने बड़े नालों व नालियों के सफाई कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में 07 जून को निगम आयुक्त ने स्वच्छता विभाग के अधिकारियों, निरीक्षकों एवं सफाई कार्य एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, बैठक के दौरान सर्वप्रथम उन्होने निगम द्वारा कराए जा रहे बड़े नालों व नालियों के सफाई कार्य की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अतिशीघ्र बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, बरसात के दौरान बरसाती पानी की निकासी में कोई अवरोध उत्पन्न न हो तथा पानी भराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इस हेतु यह अत्यंत आवश्यक है कि वर्षा शुरू होने से पूर्व ही बड़े नालों के किए जा रहे सफाई कार्यो को पूर्ण कर लिया जाए, इसके साथ ही निगम क्षेत्र में यदि कहीं नालियां बंद पड़ी हुई हैं तो उन नालियों को खोलकर पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कदम उठाए जायें।

**28 बड़े नालों की सफाई का कार्य पूर्ण**– विगत 01 माह से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है, बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 28 बड़े नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, इसके साथ ही 09 बड़े नालों में सफाई का कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ने अधिकारियों एवं सफाई एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नालों में सफाई कार्य वर्तमान में जारी है वहां पर कार्य में तेजी लाकर कार्य को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान बताया गया कि जिन 28 बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है, उनमें आनंद होटल के पीछे से चित्रा टाकीज तक स्थित नाला, मटन मार्केट सिंधी मोहल्ला स्थित नाला, लक्ष्मणवन नाला, गांजा गली नाला, वार्ड क्र. 03 स्थित नाला, फोकटपारा स्थित नाला, तुलसीनगर नाला, नया बस स्टैण्ड के समीप नाला, शारदा विहार नाला, चिमनीभट्ठा नाला, राताखार नाला, वार्ड क्र. 44 कनवेयर बेल्ट स्थित नाला, वार्ड क्र. 44 सी.एस.ई.बी. रेल लाईन स्थित नाला, जय भगवान गली दर्री नाला, आर.पी. नगर स्थित दो नाले, पोड़ीबहार नाला, रविशंकर नगर स्थित तीन नाले, बुधवारी बाजार नाला, कांशीनगर नाला, बालको क्षेत्र के शांतिनगर, हाउंसिंग बोर्ड एवं इंदिरा मार्केट स्थित नाले, वार्ड क्र. 58 स्थित नाला, वार्ड क्र. 50 डेली मार्केट नाला तथा वार्ड क्र. 50 एस.ई.सी.एल. के पीछे स्थित नाला आदि नालों की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही शेष बड़े 09 नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है।

**स्वच्छता शिकायतों का त्वरित निराकरण हो**– बैठक के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता संबंधी प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयसीमा में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, शिकायतों के निराकरण के पश्चात संबंधित शिकायतकर्ताओं को निराकृत कार्य की सूचना भी देवें। उन्होने कहा कि साफ–सफाई कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा जिन सफाई कार्य एजेंसियों द्वारा कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संपादित नहीं कराया जा रहा है, उन पर अर्थदण्ड आरोपित करें। सफाई कार्यो की नियमित रूप से मानीटरिंग अधिकारियों द्वारा की जाए तथा कार्यो पर कड़ी नजर रखी जाए। आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छता संबंधी शिकायतों हेतु मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराए गए है, स्वच्छता संबंधी शिकायतों को निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री व्ही.के.सारस्वत मो.नं. 97520–94146 तथा वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ. संजय तिवारी मो.नं. 77730–02665 पर भेजा जा सकता है।

**डोर–टू–डोर कलेक्शन को और अधिक प्रभावी**–आयुक्त ने स्वच्छता अधिकारियों,निरीक्षकों व सफाई कार्य एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अपशिष्ट संग्रहण का कार्य निर्धारित समय पर हो, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि जिन वार्डो में डोर–टू–डोर कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है वहां पर अपशिष्ट का शतप्रतिशत कलेक्शन सुनिश्चित करें।